VOLUME 9| ISSUE 10-11| DEC -JAN 2021| MONTHLY | PAGES 44

PRICE ₹100

सिम्पली जयपुर

PUBLISHING DATE : 08/03/2020RNI NO.: RAJBIL/2012/44840
POSTAL REG. NO. JAIPURCITY/425/2019-21

# SIMPLY JAIPUR™

**DESTINATION FOR YOUR OWN BUSINESS & LIFE STYLE**

e-magazine
www.simplyjaipur.com

First Bi-Lingual (Hindi - English) *Life-Style* MONTHLY MAGAZINE



**SIMPLY COVER STORY**

## Simply The Best

## Mr. Motilal Oswal

**Managing Director & CEO**
**Motilal Oswal Financial Services Ltd**

MOTILAL OSWAL

**SIMPLY INTERVIEW**

डॉ. विश्वास मेहता - चीफ सेक्रेटरी , केरल
अनूप सोनी - अभिनेता

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

**Destination for Your own Business & Life Style**

e-magazine
www.simplyjaipur.com

First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine

No. 1 Life Style Monthly Magazine

*...with a circulation of 1.2 lakh per annum and connect with 3.6 lakh readers. Reach some of the most influential industrialists, businessmen, finance professionals, doctors, lawyers and other high flyers.*



| TARIFF (Monthly Edition) | |
|---|---|
| Cover Back Page | 50,000 |
| Cover Inner Page | 40,000 |
| **Single Premium Full Page** | 30,000 |
| **Double Spread Premium Page** | 54,000 |
| Single Section Full Page | 20,000 |
| **Double Spread Section Page** | 36,000 |
| Half Section Page | 12,000 |
| Vertical Strip | 8,000 |
| Quarter Page | 7,000 |
| Horizontal Strip | 5,000 |

| SPECIFICATIONS | |
|---|---|
| 7.75 x 10 inches | Full page |
| 7.75 x 5 inches | Half page |
| Advertisement in colour only. | |

For Advertisement or Subscription **Call : +91-9414044548, 9413401555**

Registered Office : 406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme, JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474
E-mail:- info@simplyjaipur.in | Web : www.simplyjaipur.com, www.simplyjaipur.in

सिम्पली जयपुर
SIMPLY JAIPUR™
*Destination for Your Own Business & Life Style*
First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine
e-magazine: www.simplyjaipur.com

*Presents*



# SIMPLY Doctors' Choice Awards 2021

**on**
**Doctors' Day**
**1st July 2021**

**Please send your entry :**

info@simplyjaipur.in

**For Sponsorship & Registration, Please Contact**
**+91-9414044548, +91-9413401555**

RIFF FILM CLUB
A platform for film lovers
Presents

# riff™
Rajasthan International Film Festival
(Accredited by FFSI)

Directorate of Film Festivals

ntai
national film archive of india
राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

# 7th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL 2021

**Theme : Music in Cinema**

**20th - 24th March 2021**

Hybrid Film Festival (Both Virtual & Physical)
at Jaipur & Jodhpur , Rajasthan - India

JK
Jawahar Kala K

OPEN THEA
20th March 2020 , 5PM
Jawahar Kala Kend
JLN Marg, Jaipur




- FILM SCREENING
- WORKSHOP
- AWARD NIGHT
- OPEN FORUM BY FFSI (TALK SHOW)
- INTERNATIONAL SEMINAR
- FILM BAZAR & EXHIBITION

www.riffjaipur.org

: riffjaipur

## SUBMIT YOUR FILMS

Submit with FilmFreeway →

https://filmfreeway.com/riff2021

**Last Deadline : 28th February 2021**

For Details , Contact +91-9414044548 , +91-9413401555



Celebrating the
Day of R

AN INITIATIVE BY — RIFF FILM CLUB — SIMPLY JAIPUR

EVENT ASSOCIATE PARTNER — BNI JAIPUR — RCCI Rajasthan Chamber of Commerce and Industry — हिन्दीनामा

RADIO PARTNER — आकाशवाणी

KNOWLEDGE PARTNER — the quench

SECURITY PARTNER — SPAN

## SUPPORT BY

FILMS DIVISION

ICCR
Indian Council for Cultural Relations

Federation of Film Societies of India

INDIAN FILM MAKERS ASSOCIATION
RAJASTHAN

राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

## OPENING CEREMONY

KK
Kendra, Jaipur

ATER
M Onwards
dra,
ur

## FILMS SCREENING

21st - 24th March 2020
Jodhpur , Rajasthan

## CLOSING CEREMONY & RIFF 2021 AWARD NIGHT

24th March 2021
at Jodhpur
6 PM ONWARDS




OFFICIAL SELECTION
riff




e Pre Foundation
Rajasthan !


AFTER PARTY
SPICE COURT
A Multi Cuisine Restaurant

TICKETING PARTNER
paytm insider

OUTDOOR MEDIA PARTNERS
SGM Outdoors
NS

PRINT MEDIA PARTNER
VOICE OF JAIPUR

# SPICE COURT

## DZURT PATISSERIE & CAFÉ

A Multi Cuisine Restaurant

"Spice Court at Civil Lines, is one of the supreme multi cuisines restaurants in town. Situated at a posh locality in the city, the joint offers the best in hospitality, ambience, and entertainment and of course food.











2012 **Most Promising Multi cuisine Restaurant** in Rajasthan (World Travel Brands NDTV PROFIT)

2012 **World Quality Commitment Award** Paris France (Gold Star)

2010 Selected **Most favourite Multi Cuisine Restaurant** in Jaipur by Danik Bhaskar

2006 Selected Among The **Top Ten Restaurants** of India by www.polyglott.de

**JAIPUR**

**SPICE COURT :** Anchrol House, Jacob Road, Opp. Rukhamani Designer, Civil Lines, Jaipur - 302 006 (Raj.) INDIA
M : +91 -141 -2220202, 4108252 | M : + 919571970005
spice@spicecourtjaipur.com | www.spicecourtjaipur.com

**DZURT :** JAIPUR : Anchrol House, Jacob Road, Opp. Rukhamani Designer, Civil Lines, Jaipur - 302 006 (Raj.) INDIA
Ph.: +91 -141-2222549 | dzurt@spicecourtjaipur.com

**GURGAON**

**SPICE COURT JAIPUR :** N6, Qutab Plaza Market, DLF Phase 1, Gurgaon | M : + 919958584438

**DZURT :** N5, Qutub Plaza Market, DLF Phase 1, Gurgaon | M : + 919958584438

RIFF™
FILM CLUB
A platform for film lovers

FIRST FILM CLUB OF RAJASTHAN

**which bring film lovers & film makers together to enable exchange of information and single window solutions for film industry....**

The club aims to do creativity through year round activities :

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Film Festival** | **Film Screening** | **Workshop** | **Knowledge Series** |
| **Shooting Location and Equipments & Auditions** | **Master Classes** | **Film Bazar** | |
| **Interaction with leading Film Makers, Technicians & Actors** | | | |

**Do registration at** **www.rifffilmclub.org**

info@rifffilmclub.org

# CONTENTS

e-magazine :
www.simplyjaipur.com

# 2021 DEC-JAN

### COVER PAGE

**Simply The Best..**

**Motilal Oswal**

Managing Director & CEO
Motilal Oswal Financial
Services Ltd







Owner, Publisher, Printer & Editor in Chief
**ANSHU HARSH**

CEO, Managing Editor & Founder
**SOMENDRA HARSH**

Sub-Editor
**RAJIV PUROHIT**

Graphic Designer & Photo Journalist
**ESHAN HARSH**

Circulation Executive
**MOHD. SHABBIR**

Contribution
**PT. VIJAYSHANKAR MEHTA**
**PRAMILA MUNDRA**
**RAM HAPAWAT**
**DR. DURGA PRASAD AGARWAL**
**N.D. PUROHIT**

## SIMPLY RAJASTHAN

> Simply JODHPUR Pages
**PRADEEP JOSHI**

> Simply AJMER Pages
**ANUJ SHARMA**

## SIMPLY NATIONAL

> Simply MUMBAI Pages
**MR. KAILASH ADVANI**

> Simply HYDERABAD Pages
**V. V. MAHESHWAR ROA**

> Simply CHENNAI Pages
**SAURABH SIKCHI**

## SIMPLY INTERNATIONAL

> Simply DUBAI Pages
**ROMIT PUROHIT**

> Simply NEW YORK Pages
**ASHOK VYAS (N.Y., USA)**

> Simply CALIFORNIA Pages
**KAPIL MOHAN**
California (C.A., USA)

> Simply NEPAL Pages
**GANESH PANDEY**

Registered Office :
**SIMPLY JAIPUR**
406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg
C-Scheme, Jaipur - 01 (Raj.) INDIA. Ph.: 0141-4014474
E-mail : info@simplyjaipur.in, Web : www.simplyjaipur.in

**FOR ADVERTISEMENT AND SUBSCRIPTION**
**CALL : 9414044548, 9413401555**

Reproduction in whole or part without written permission is strictly prohibited. The content which is contributed by the writers in the magazine SIMPLY JAIPUR is completely his/her responsibility. SIMPLY JAIPUR doesn't take any responsibility for their views and respectives. All disputes are subject to JAIPUR Jurisdiction Only.

SIMPLY COVER STORY

**12** "Simply The Best"
**Motilal Oswal**
Managing Director & CEO
Motilal Oswal Financial
Services Ltd

**16** राजस्थानी होने का गर्व हमेशा रहा है मुझे...

SIMPLY KNOWLEDGE

**18** राष्ट्रीय बालिका दिवस और शिक्षा में लैंगिक विषमता - राम हापावत मैनेजर (शिक्षा कार्यक्रम) सेव द चिल्ड्रेन, बाल रक्षा भारत

SIMPLY INTERVIEW

**20** सिम्पली जयपुर और राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम हम राजस्थानी में रुबरु हुए अनूप सोनी और आईएएस विश्वास मेहता

**22** सिम्पली जयपुर , राजस्थान फाउंडेशन और डोरी के कार्यक्रम में मुलाकात हुई डॉ कुसुम नाथवत और डॉ दिशा गुप्ता से

**23** माता पिता के लिए आनंद का परिवेश "द ब्लिस"

SIMPLY HEALTH

**24** NUTRITION IN WINTERS
- PRAMILA MUNDRA


SIMPLY LIFE MANAGEMENT


**25** जीवन युद्ध के विजय मार्ग की बाधा है निंदावृत्ति
पं. विजयशंकर मेहता
जीवन प्रबंधन गुरु, उज्जैन

26



27





## SIMPLY EVENTS


26 First List of films of the 7th edition of the Rajasthan International Film Festival (RIFF) Released

27 भारतीय अभिनेता यशपाल शर्मा को राजस्थान इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल ( रिफ ) 2021 में ओम पुरी मेमोरियल कॉमन मैन इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

28 कविमन संग्रह "एक नया मुक्ताकाश" का हुआ विमोचन

29 सिंपली बातें अंशु हर्ष के साथ सीरीज़ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हुई आरंभ

32 51st IFFI kickstarts with enthralling cultural performances to celebrate the joy of cinema



## SIMPLY READER


38 कोरोना से जंग : सप्तपदी के माध्यम से


29




38




36 SIMPLY LAUNCHING











Movement that inspires

37 SIMPLY SPEED






## » REGULARS


| | |
|---|---|
| Subscription Form FREE | 35 |
| Simply Launching | 36 |
| Simply Speed | 37 |
| Simply Readers ( Book Review) | 38 |
| Simply Astro | 39 |


## » BRAND INSIDE


| | |
|---|---|
| Simply Jaipur Tariff | 2 |
| Simply Doctor's Choice Awards 2021 | 3 |
| RIFF 2021 | 4-5 |
| Spice Court | 6 |
| RIFF Film Club | 7 |
| ASH Group | 34 |
| Shaadi Vivah India.com | 40 |
| Thar Sarvoday Sansthan | 41 |
| Pink Square Mall | 42 |
| Voice of Jaipur | 43 |
| Rajasthan International Film Festival 2021 | 44 |



"If I was down to my last dollar, I would spend it on public relations"
Bill Gates

SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS
Email : info@simplyjaipur.in
Web : www.simplyjaipur.in
Call : 9414044548, 9413401555

news destination wedding public relations print media magazine internet product launching branding events press conference sharing communication publicity



# EDITORIAL

## वक़्त की यही बात बहुत अच्छी है जैसा भी हो गुज़र जाता है

साल का आखिरी महीना दिसंबर आते ही ऐसा लगता है , यह साल भी गुज़र गया और फिर दस्तक देती है जनवरी ... नया साल , हम सभी समय के प्रवाह में बहते चले जाते है ...लेकिन कुछ वादे तो अधूरे है , आज भी कुछ सपने पुरे होने को बेताब है जो नए साल के संकल्प के तौर पर लिए गए थे। यही सोचते हुए चल देते है हम नए साल की ओर नए संकल्प और नई उम्मीद लेकर।

वक़्त के साथ चलते रहने का जूनून जिन्दगी में नयापन लाता रहता है। कुछ साथी छूट जाते है कुछ नए राही इस जीवन पथ पर मिल जाते है और यह सिलसिला चलता रहता है। कितनी सहजता से बीत जाता है वक़्त , अच्छा हो या बुरा ठहरता नहीं है। साल 2020 सभी की नज़रों में एक ऐसा साल रहा जिसे कोई नहीं चाहता था । कोरोना ने ज़िंदगी को हिला कर रख दिया । व्यापारिक और व्यक्तिगत दोनों तौर पर । लेकिन ये समय बहुत कुछ सिखाने भी आया था, जो सीख गया वो पार और जो वक़्त को कोसने में ही लगे रहे वो कहीं नहीं पहुँच पाए ।

हर वक़्त की सीख होती है ,उसका मर्म समझना चाहिए । इस वक़्त ने सिखाया कि कैसे कम में अपना गुजारा करना है , इस वक़्त के लिए , अमीर गरीब सब एक ही तराज़ू में थे । ना किसी अमीर के पैसे उसे सूकून दे पाए न किसी गरीब के कम पैसे से उसे किसी दु:ख का अनुभव हुआ। ज़िन्दगी अपनी तरह से हर इंसान से पेश आई। समभाव और समदृष्टि रही।

नया साल हर बार नई रोशनी ले कर आता है इस साल 2021 में सबकी यही आस कि जो दौर हमनें 2020 में देखा वो लौट कर ना आए ऐसी ही शुभकामनाओं के साथ , सभी के लिए मंगलकामनाएं।

› अंशु हर्ष

ashharsh2000@gmail.com
ashharsh2000
anshuharsh
anshu_harsh

We the team of Simply Jaipur, a unique destination for your own lifestyle magazine, welcome you. It is Rajasthan's first BI-LINGUAL monthly lifestyle magazine. As you are aware our current Dec - Jan 2021 Edition is already on the stands.

We invite your presence in form of advertorial or advertisment in our February 2021 edition in which we cover top personalities of Jaipur who have contributed in any way to lifestyle, society or through their profession. Our upcoming editions will be based on the customs and traditions of the local area. As well we will be highly delighted if anybody send us Travelogues about different tourist destinations.

We also have our presence online among the readers of all ages through Digital magazine. Our targeted group of reader varies from proactive and dynamic adults to people with higher household incomes.

All editions of SIMPLY JAIPUR are available online also, you can visit our online digital brochure at **www.simplyjaipur.com**. This 44 pages BI-LINGUAL publication features new trends of lifestyle in every edition.

In last four successful years, we have received great response from our readers not only from Rajasthan but also globally.

In our upcoming editions, we look forward to publish Life-style contents and for that we are providing advertising space for the local businesses. We also cater to your presence in form of Display Advertisement, Editorial, or Advertorial.




**SOMENDRA HARSH**
**CEO/MANAGING EDITOR & BUSINESS HEAD**
**M : 9414044548**





Simply Catch All Editions in

# ONE CLICK

catch your favorite magazine


Now on your mobile **www.simplyjaipur.com**

For Advotorial or Advertisement

© 9414044548, 9413401555

Follow us : simply.jaipur
simplyjaipur
SIMPLYJAIPUR





Simply The Best...
Motilal Oswal
Managing Director & CEO
Motilal Oswal Financial Services Ltd



Motilal Oswal is an Indian businessman. He is the Managing Director and CEO of the Motilal Oswal Financial Services Ltd (MOFSL) which he co-founded with Raamdeo Agrawal in 1987. Motilal Oswal was awarded the "Rashtriya Samman Patra" by the Government of India for being amongst the highest Income Tax payers in the country for a period of 5 years from FY95–FY99

**Excerpts from the interview...**

**How Can One Be a Good Leader?**

Leaders lead by Example. Leaders create more leaders.

**How Did You Know When You Had The Right Idea?**

Right Idea was and will always be a combination of experience and gut feeling. But following values is of utmost importance to me for anything that I do.

**Pl help us know your journey so far?**

Raamdeo & I started as sub brokers of Sunder Iyer in 1987 in a small office in Kalbadevi. That office was small with a desk, 3 chairs, a computer and an air conditioner to save the computer from overheating. Even in late 80s getting phone line was very difficult. Our biggest investment that time was getting two telephone lines. We were available 24X7 for our clients. Clients used to get free advice on their portfolios & stocks. Our only expectation was that they would do part of their equity broking through us.

The hard work started paying off slowly and steadily. As partners Raamdeo and I, both agreed on few things – not to take any loans, never do speculative business and pay our taxes honestly. We followed this all along.

From 1987 to 1990 markets were depressed. But we still made some money with our hard work and good client advisory. Because of our business transparency with clients' w.r.t. pricing etc, gained us name. In 1990 we bought BSE membership and became Brokers for the first time. Once the membership was done, Motilal Oswal Securities Ltd (MOSL) was formed. The 1991 bull-run gave us good start.

When NSE was formed, we became members of NSE too in 1994. We saw multiple ups and downs of markets. Our business and money too went up and down with those markets.

But we stuck to our ethics. The belief became stronger in markets that MOSL keeps clients' interest first. Our sub-brokers and franchisees were given the instructions to do the business in the same manner.

As the business grew, we hired some very good professionals to work with us. And then added various businesses in money management.

**1994** – Motilal Oswal institutional equities

**2006** – Motilal Oswal Private Equity, Motilal Oswal Private Wealth Management, Motilal Oswal Investment banking

**2008** – Our company got listed on stock exchange

**2008** – Motilal Oswal AMC

**2011** – Motilal Oswal Asset Management Company (AMC) becomes India's 1st AMC to ring the NASDAQ Stock Market Opening Bell

**2012** – We shifted to our own new headquarters – Motilal Oswal Tower

**2014** – Entered into Home Finance business

Along the journey, we as a company were recognised with various awards and accreditations till date. We were even honoured with Rashtriya Samman Patra by the Government of India for being amongst the highest income tax payers in the country for a period of 5 years from FY95–FY99.

The journey continues with the same passion as we started. We believe in what we do and hence all our personal investments are in our own funds and company.









**What does it take to be a Chartered Accountant? (Apart from a degree and practice)**

Becoming a CA is very difficult task. It needs determinations, hard work and perseverance.

**What do you think is the Indian economy emerging stronger than before? if yes How?**

India is coming out of COVID crises gradually. The quarterly results are showing that the sectors are back on growth. I am very positive & optimist about growth of our economy. I expect Indian economy to be in top 3 economies in the World by 2024

**How do you balance between your work life and family?**

I maintain discipline in all my activities whether it is office or work. I have the habit of waking up at 4 or 5:00 am for the last 25 years. Also indulge in the habit of reading books early morning, which includes Business Strategy, Human Psychology, Leadership, Motivational etc, for the past 25 years. I feel the early morning time is best suitable for reading;



you are fresh after a good night's rest and mind can absorb lot of things. After reading, I go for a brisk walk for 45 min 5 days a week and do Yoga twice a week for 45 min. After morning routine I am in my office every working day before 9am. After office time is for family and occasionally for friends. I go on vacations with family for quality time together.I am also an active member of JITO and do a lot of social activities.

**You've spent a lot of years and also hold a lot of experience in investing in the Indian stock market. What is your view of the Indian markets?**

Equity markets always go in cycles. Ups and downs are inevitable. But it has always awarded long term investors with handsome returns. India markets are full of opportunities. Remain invested in quality stocks for long term.

**What would like to say or suggest to young students who are planning to make their career in the field of CA?**

Knowledge, integrity and team work is the KIT for success



# TÊTE TÊTE



## tete-a-tete with Motilal Oswal

*What time your day starts ?*
Any where between 4am to 5am

*Tea or coffee ?*
Tea

*Formal or casual ?*
Formal at work, Casual at other times. During this pandemic & work from, I have picked up the new way of Formal + casual clothing approach

*Mountains or beaches ?*
Mountains

*Books or TV?*
Books, any day

*Favourite Book ?*
The 7 Habits of Highly Effective People by Stephen Covey

*Name your favourite movie ?*
No specific

*Favourite Destination ?*
Udaipur

*Favourite Food Dish ?*
All vegetarian Rajasthani food

*Two of your prized possessions ?*
My son & my daughter











# राजस्थानी होने का गर्व हमेशा रहा है मुझे...

राजस्थान फाउंडेशन
Rajasthan Foundation

Hum Rajasthani
Representing Rajasthani Roots...

सिम्पली जयपुर
SIMPLY JAIPUR™
Destination for Your Own Business & Life Style
First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine



राजस्थान हमारे दिल में है और हमेशा रहेगा, ऐसा कहना है मोतीलाल ओसवाल का जो एमडी व सीईओ है मोतीलाल ओसवाल फाइनेंस सर्विस लिमिटेड के। पेशे से सीए है और अपना बिज़नेस 1987 में अपने पार्टनर रामदेव अग्रवाल के साथ शुरू किया था। मोतीलाल ओसवाल कई सम्मान से नवाज़े जा चुके है , जिसमें राष्ट्रीय सम्मान पत्र गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की तरफ से 5 साल तक सबसे अधिक आईटी पेयर 1995 से 1999 तक सम्मान दिया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा समाज रत्न अवॉर्ड। एक्सीलेंस अवार्ड इन बिज़नेस , लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड , हॉल ऑफ फेम , ज्वेल ऑफ राजस्थान , दुर्गा देवी सर्राफ अवॉर्ड ।

मोतीलाल ओसवाल का जन्म बाड़मेर जिले के पादरू गांव में हुआ जो सिवाना तहसील का हिस्सा है। आठवीं तक की पढ़ाई वहीं राजकीय विद्यालय में की। आज भी साल में एक या दो बार अपने गाँव जरूर जाते है। नौवीं से बाहरवीं तक की पढ़ाई जालौर जिले में रानीवाड़ा के पास मालवाड़ा में की और फिर फालना में कॉलेज की डिग्री की उसके बाद सीए करने के लिए मुंबई आ गए ।

उन्ही के शब्दों में लिखा जाए तो मुंबई के स्टॉक मार्केट के आकर्षण से मै मुंबई में ही रुक गया। सीए पूरा हो जाने के बाद 1 साल तक किसी से फॉर्म में उन्होंने नौकरी की और सोच विचार किया कि अब आगे क्या किया जाए और फिर अपना बिजनस रामदेव अग्रवाल के साथ स्टॉक मार्केट में शुरू किया। बड़े भाई भी स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करते थे और पब्लिक इश्यू का काम चलता था। साथ था , प्रेरणा थी और पैसा कमाने का उद्देश्य भी था , बस फिर काम शुरू हो गया।

उस दौर को याद करते हुए मोतीलाल कहते है कि "सीए करने के बाद तीन ऑप्शन जीवन में रहते है या तो प्रेक्टिस कर लो , या फैमिली बिज़नेस में इंवॉल्व हो जाओ या अपने हिसाब से अपने पैशन को फॉलो करो। लेकिन जहाँ से निकलते है बचपन जहाँ गुज़रता है वहाँ के दिए हुए जीवन मूल्य सदा आपके साथ चलते हैं। वह पुरानी बातें और पुरानी यादें हमेशा दिलो दिमाग में छाई रहती है। "

राजस्थानी होने का गर्व मोतीलाल ओसवाल को सदा ही रहता है। राजस्थानी परिवेश के परिवार में पले बढ़े है उनका कहना है कि राजस्थान में परिवार सबसे सर्वोपरि होता है उसके बाद समाज के बारे में सोचा जाता है और स्वयं के बारे में उसके बाद कुछ सोच विचार किया जाता है ।







उन्हीं के शब्दों में मेरे जीवन में भी मेरे परिवार का मेरे माता-पिता का मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा मेरी मां बहुत धार्मिक व्यवहार और विचार वाली है और पिता अपने आप में एक एंटरप्रेन्योर थे किराना का छोटा बिजनेस था लेकिन उनका जो व्यक्तित्व था वह बहुत विराट था। उनके सिखाए हुए जीवन मूल्य ,उनकी सीख आज तक मेरे साथ मेरे जीवन में चलती है। सरकार का सहयोग में अपने लिए बहुत मानता हूं क्योंकि बचपन मै सरकारी स्कूल में पढ़ा हू हालांकि अब प्राइवेट स्कूल भी बड़ा रोल अदा कर रहे है लेकिन सरकार ने भी इतने बड़े-बड़े इंस्टिट्यूट खोल कर रखे है उन्होंने भी बहुत कुछ सिखाया है। अपने जीवन में समाज के सहयोग को भी मै बहुत मानता हू क्योंकि जिन हॉस्टलों में हमने रहकर पढ़ाई की वह समाज की ही देन थी। मुंबई में राजस्थानी हॉस्टल है जिसे सीए की फैक्ट्री कहते है वहां पर भी हम रह कर पढ़े और अब मेरी तरफ से वहाँ अग्रवाल ओसवाल छात्रावास बनाया है जिसमें 1000 स्टूडेंट रह सकते है।

किताबें पढ़ने का विशेष शौक है मोतीलाल ओसवाल को , एसेंस ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट एसेंस ऑफ लाइफ किताबों में आपने कुछ चैप्टर्स लिखे है । उन किताबों में दूसरे विश्व विख्यात लोगों ने भी अपने विचार लिखे है। सोशल मीडिया पर भी वह अपने विचार हर रोज लिखते है पूछने पर उन्होंने बताया कि कभी बोले गए होते है कभी सुने गए होते है कभी पढ़े गए होते है और कभी खुद के अनुभव लिखे होते है । वे हर दिन में 10 से 15000 मेल करते है उन्हें बायोग्राफी पढ़ना इंस्पिरेशनल मोटिवेशनल स्टोरीज पढ़ना किताबें पढ़ना अच्छा लगता है कभी-कभी शौक के हिसाब से योग मेडिटेशन आध्यात्मिक और धार्मिक किताबें भी पढ़ते है। बिजनेस से संबंधित किताबें पढ़ना उन्हें बहुत पसंद है । पॉजिटिविटी सकारात्मक विचार देने वाली किताब सर्वश्रेष्ठ लगती है । उनका मानना है कि सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां से सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की चीजें बाहर आती है यह स्वयं का विवेक होता है कि हम किस चीज को पकड़कर आगे बढ़ रहे है उसका फायदा उठाना हमें आना चाहिए । वहां पर असीमित ज्ञान का भंडार है सही समय पर सही चीज को इस्तेमाल करना हमें जरूर सीखना चाहिए उसका फायदा हमें अपने जीवन में जरूर मिलेगा । ज्ञान पाने में अपना समय जरूर लगाना चाहिए कोई भी नई चीज की जब शुरुआत की जाती है वह चाहे बिजनेस हो कोई रिलेशनशिप हो या कुछ भी नया करना होता है उसमें जीवन मूल्य मोरल वैल्यू बहुत मुख्य भूमिका निभाते है । आपका लक्ष्य क्या है जीवन के मूल्य क्या है जो आपने सेट कर रखे है आप क्या गोल सेट करके रखते है इन सभी बातों का आपकी सफलता के रास्ते पर बहुत प्रभाव पड़ता है।

अपने बिजनेस यात्रा को जब उन्होंने शुरू किया था तो उनका मानना है और उनका कहना है कि उन्होंने कुछ नियम अपने लिए बनाए थे कि वह हमेशा टैक्स पूरा अदा करेंगे इन्वेस्टर्स और कस्टमर से पूरी ट्रांसपेरेंसी रखेंगे , एंपलॉयर्स को अपने पार्टनर की तरह ट्रीट करेंगे । प्रिंसिपल लाइफ में रहेंगे तो जीवन अच्छी तरह से जी पाएंगे । मंजिलें हासिल करना जरूरी होता है फिर उसके लिए छोटे छोटे कदम भरना शुरू करना होता है । बाद में बड़े कदम भरने चाहिए । छोटे छोटे गोल सेट कीजिये । छह महीने के एक साल के , दो साल के और उन्हें पूरा करने के लिए खूब जमकर मेहनत कीजिए ईश्वर ने हम सभी को इतनी क्षमता दी है कि हम उस पर काम करके मेहनत करके अपने सपनों को साकार कर सकते है मिशन बड़ा हो सपने बड़े देखने चाहिए और बड़ा सोचना चाहिए बड़ों का आशीर्वाद भगवान की कृपा को अपनी ताकत और अपना साथी बना कर जीवन में आगे चलना चाहिए ।

**( राजस्थान फॉउंडेशन और सिम्पली जयपुर के कार्यक्रम हम राजस्थानी में मोतीलाल ओसवाल से अंशु हर्ष और धीरज श्रीवास्तव की बातचीत पर आधारित। )**





# राष्ट्रीय बालिका दिवस और शिक्षा में लैंगिक विषमता



राम हापावत
मैनेजर (शिक्षा कार्यक्रम)
सेव द चिल्ड्रेन, बाल रक्षा भारत




24 जनवरी के दिन इंदिरा गांधी ने पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर देश का कार्यभार संभाला था, इसलिए इस दिवस को नारी शक्ति के रूप में याद रखने के लिए प्रति वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार ने 2008 में की थी। इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालिका दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य यह है कि समाज में बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। बालिका शिक्षा व जेंडर के मुद्दे पर कम करने वाली संस्थाएं व सरकारी विभाग इस दिवस को मानते है। यह दिवस हमें इस बात पर भी चिंतन एवं मनन करने का अवसर देता है कि हम देश में महिलाओं की स्थिति का एक जायजा लें, और आजादी के लगभग तीन-चौथाई शताब्दी पश्चात भी क्या हम लैंगिक समानता के लक्ष्य को हासिल कर पाये एवं इसमें क्या चुनौतियाँ है।

महिलाओं के लिए अपने सपनों को साकार करने में शिक्षा की अहम भूमिका है, क्योंकि शिक्षा व्यक्ति में उन कौशलों व क्षमताओं का विकास करती है जो उसे आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच व्यक्ति के लिए विभिन्न अवसरों के द्वार खोलती है और उसे गरिमा पूर्ण जीवन जीने में मदद करती है। परंतु शिक्षा के क्षेत्र में गरीबी, स्थान, लिंग और जातीयता के आधार पर विषमता विश्वव्यापी है, विशेषतः विकासशील और अविकसित देशों में।

युनेस्को की सन 2016 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार सम्पन्न देशों के तीन चौथाई बच्चों की तुलना में निम्न आय वाले देशों के गरीब परिवारों के लगभग एक चौथाई बच्चे ही विद्यालयों में है (यूआईएस 2016)। गरीब परिवारों की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धियां अक्सर बहुत कम रहती है। यदि आंकड़ों को लैंगिक आधार पर देखें तो यह अंतर और भी बढ़ जाता है। लैंगिक और गरीबी के दोहरे विलगाव का अर्थ है की निम्न आय वाले देशों की गरीब परिवारों की बालिकाओं मे से मात्र 25% बालिकाएँ ही प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कर पाती है। (डब्ल्यूडीआर 2018)

यदि हम भारत की बात करें तो यहाँ भी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी लैंगिक विषमता है। भारत में पुरूषों की साक्षरता दर 82.14% है जबकि स्त्रियो की साक्षरता दर केवल 65.46% ही है। यह अंतर लगभग 17% है (भारत की जनगणना 2011)। ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियाँ की साक्षरता दर 50.6%है जबकि वहाँ पुरूषों की साक्षरता दर 74.1%है (भारत की जनगणना 2011)। पिछड़े, दूर-दराज क्षेत्रों में तो स्त्री साक्षरता दर और भी कम लग-भग 40% के आस-पास ही है। और यदि हम राजस्थान की बात करें तो अभी हाल ही में जारी एनएसएस रिपोर्ट 2017-18 के अनुसार महिला शिक्षा में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान सबसे टॉप पर है जहां शिक्षा में जेंडर गैप लगभग 23.2% है। यहाँ तक की उत्तर प्रदेश व बिहार का प्रदर्शन राजस्थान के मुकाबले बेहतर है।

भारत मे विध्यालयी शिक्षा प्रणाली एक प्रकार के 'सीखने के संकट' से गुजर रही है जहां शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े मसले लड़कों और लड़कियों को समान रूप से प्रभावित करते है परिणामतः उनकी शैक्षिक उपलब्धि काफी कम रहती है।

बड़ी संख्या में बच्चे प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण कर निकल रहे है किन्तु उस कक्षा के स्तर की दक्षता उनमें नही है। विश्व विकास रिपोर्ट 2018 के अनुसार ग्रामीण भारत में कक्षा 3 के लगभग तीन चौथाई छात्र दो अंकों की बाकी वाले सवाल हल नहीं कर सके। बच्चों की भाषायी दक्षता संबंधी चिंताएँ तो ज्यों की त्यों बनी हुई है। कक्षा में शिक्षण प्रक्रियाओं की गुणवत्ता का मामला समान्यतः समान है और इसमें बालको और बालिकाओं की शैक्षणिक उपर्ल धयों में कोई बहुत अंतर नहीं है, उदाहरण के लिए कक्षा 3 पर एन. ए.एस 2014 की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश जहां लड़कों का स्तर बेहतर है और केरल और पुडुचेरी जहां बालिकाओं की स्थिति बेहतर है को छोड़कर, भाषा में बालकों का औसत राष्ट्रीय प्राप्तांक 256 तो बालिकाओं का 258 है।

बालक और बालिकाएँ दोनों ही विद्यालयी शिक्षा में गुणवत्ता संबंधी मुद्दों और शिक्षण के निम्न स्तर से प्रभावित है। परंतु बालिकाओं के मुद्दे कुछ अलग और जटिल है जो की भारतीय समाज मे गहराई से व्याप्त है और पहुँच और अवसरों की उपलब्धता के मामलों मे उन्हे भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

11 से 14 वर्ष की बालिकाएँ विद्यालयों से निकाल लेने व पढाई छुड़वा देने के मामले मे ज्यादा जोखिमपूर्ण स्थिती में है। 11 से 14 वर्ष की 4.1% भारतीय लड़कियां विद्यालय से बाहर है और भारत के पाँच राज्यों में यह प्रतिशत 5 से अधिक है। एएसईआर - 2018 के अनुसार राजस्थान में यह दर 7.4% है।10 वी कक्षा से पूर्व विद्यालय छोड़ देने वाले हर 100 बच्चों में से 66 लड़कियां होती है। लड़कियों के विद्यालय छोड़ देने के कारणों में एक महत्वपूर्ण कारण है उनकी कम उम्र में शादियाँ करना। औपचारिक शिक्षा व्यवस्था में पुरूषो और महिलाओं के नामांकन में अंतर उम्र के साथ बढता जाता है। 14 वर्ष की आयु तक लड़कों और लड़कियों के नामांकन में मामूली ही अंतर रहता है। किन्तु 18 वर्ष में 28% लड़कों की तुलना में 32% लड़कियों का नामांकन नहीं हो पाता। लड़कों की तुलना में लड़कियों और युवा स्त्रियों की कंप्यूटर और इन्टरनेट तक पहुँच कहीं कमतर है। 49% ऐसे युवक एसे है जिन्होंने कभी इन्टरनेट का उपयोग नहीं किया जबकि ऐसी युवतियों की संख्या 76% है (सभी आंकड़े एएसईआर - 2017)।

बालिकाओं की शिक्षा में कई बाधाएँ है और कम स्त्री साक्षरता के पीछे मूल कारण है पितृस ात्मक व पुरूष प्रधान भारतीय समाज जिसमें स्त्रियों को कमतर इंसान और एक मूल्यवान संपत्ति की तरह माना जाता है। स्त्रियों को बराबरी के अधिकार प्राप्त नहीं है और वे खुद अपनी ज़िंदगी के बारे में फैसला करने के लिए आजाद नहीं है। संसाधनों पर नियंत्रण और पहुँच के मामलों में बहुत लैंगिक भेदभाव है। समाज में भी धार्मिक और सामाजिक रूढ़ियाँ है और स्त्रियों की भूमिका घर की चाहरदीवारी तक ही सीमित मानी जाती है। वे बच्चे पालने, भोजन बनाने और घरेलू काम-काज करने के लिए जिम्मेदार मानी जाती है। घरों में लड़कियों से घरेलू काम-काज में अपनी माँ की मदद करने और छोटे भाई - बहिनों की देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है। सामान्यतः एक लड़की को विद्यालय जाने से रोकने की शुरूआत उसके किशोरावस्था मे प्रवेश करते ही हो जाती है, माता-पिता दूर स्थित विध्यालय में उसके अकेले आने - जाने और उसकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त नहीं होते।





दूसरी ओर, विद्यालय का वातावरण भी बालिकाओं के प्रति अनुकूल नहीं होता। एएसईआर 2018 के अनुसार भारत के 19.1% विद्यालयों में लड़कियों के शौचालय चालू स्थिति में नहीं है। विद्यालयों में महिला शिक्षकों की कमी है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कुल शिक्षकों का 34.2% ही महिलाएं है। (Elementary State Report Card 2015-16) विद्यालयों में किशोरियों के लिए मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक सलाह एवं सहायता प्रदान करने हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। विद्यालयी पाठ्यक्रम और शिक्षण प्रक्रियायें भी समावेशी और लैंगिक दृष्टी से उपयुक्त नहीं है। बच्चे जो लैंगिक धारणाएँ अपने परिवारों से लेकर आते है भारतीय विद्यालय उन्हें और बल प्रदान करते है।यदि हम गंभीरता पूर्वक शिक्षा में लैंगिक विषमता को पाटना चाहते है तो हमें विधालयी शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे व बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने वाली नीतियाँ बनानी होंगी। सबसे पहली जरूरत है स्नातक स्तर तक बालिकाओं के लिए निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान तथा विधालयी वातावरण व पाठ्यक्रम को जेंडर संवेदी बनाना ।

शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे उचित शिक्षण प्रक्रियाओं के जरिये बच्चों में लैंगिक समानता व न्याय जैसे मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व उनमें समालोचनात्मक चिंतन, स्वतंत्र कर्म व विचार कर पाने की क्षमताओं का विकास पर पाएँ। साथ ही अकादमिक व विषयगत शिक्षण के अलावा जीवन कौशल संबंधी प्रशिक्षण बालिकाओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकते है, विधालयी पाठ्यक्रम में इनका समावेश बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने, उनकी निर्णय क्षमता व सम्प्रेषण कौशलों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में काफी उपयोगी साबित होंगे। विधालयों में बालिकाओं के लिए मनो-सामाजिक व कैरीयर परामर्श सुविधा उपल ध करवाने हेतु विशेषज्ञों की व्यवस्था करनी होगी ताकि बालिकाओं को अपने कैरीयर से संबन्धित सपने सँजो पाएँ व उन्हे साकार भी कर पाएँ।

समाज मे बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने व लैंगिक भेदभाव मिटाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने होंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि बालिका शिक्षा को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर काम करके ही समाज में व्याप्त लैंगिक विषमता से पार पायी जा सकती है और सही अर्थों में बालिका दिवस मनाने के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है।



# सिम्पली जयपुर और राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम हम राजस्थानी में रुबरु हुए अनूप सोनी और डॉ. विश्वास मेहता

# अपने काम से अपनी पहचान बनाना चाहता हूँ - अनूप सोनी

अनूप सोनी बारह साल की उम्र में जयपुर आए और फिर यहीं के होकर रह गए। जब एनएसडी यानी नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में एडमिशन हुआ तब ही उनका जयपुर राजस्थान से बाहर निकलना हुआ। अनूप का कहना है कि उनके किरदार को जो आकार मिला है उसमें जयपुर का योगदान है , यहां के रंगमंच का योगदान है और टोंक फाटक स्थित उनके स्कूल केवी नंबर वन का योगदान है। जब भी जयपुर में होते है तो अपने स्कूल के गेट बाहर से जरूर निकलते है । जयपुर उन्हें पूरी उम्र याद रहेगा ।

जब बालिका वधू उन्हें मिला तो उसे बनाने वाले पुर्णेन्दु शेखर भी जयपुर के ही रहने वाले है । यह कार्यक्रम पूरा राजस्थानी रंग में रंगा हुआ था और इससे एक नई पहचान भी मिली अनूप को। साथ ही क्राइम पेट्रोल के भी कई एपिसोड राजस्थान में शूट हुए जयपुर जोधपुर अजमेर उदयपुर राजस्थान के कई छोटी-बड़ी जगहों पर घूमते हुए दोनों ही कार्यक्रमों की शूटिंग हुआ करती थी।

जब उनसे पूछा कि किस तरह से उन्होंने अपने किरदारों को खोजा या  किरदारों ने उन्हें खोजा तब उन्होंने कहा कि हर इंसान के जीवन में ऐसी चीजें हो जाती है जिन्हें वह प्लान करके नहीं रखता पर हो जाता है । मै उन दिनों अपने आप पर काम करना चाहता था अभिनय में निखार लाने के लिए। वो फ़िल्में करना चाहते थे लेकिन बालिका वधू और क्राइम पेट्रोल दोनों उनके हिस्से में आए और दोनों के ही अंदाज बिल्कुल अलग अलग थे । एक डेली शो जो पारिवारिक ड्रामा था और दूसरा क्राइम पर आधारित एक कार्यक्रम जिसमें उन्हें शो होस्ट के रूप में अपने आप को प्रेजेंट करना था । इन दोनों के लिए वो भगवान का शुक्रिया अदा करते है क्योंकि वह उनकी पहचान बनाने वाले शो रहे है । अनूप का मानना है कि जब आपका नाम किसी शो से जुड़ जाता है तो आप की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्राइम पेट्रोल एक क्राइम पर आधारित प्रोग्राम था इसका उद्देश्य अवेयरनेस देना था ना कि क्राइम को ग्लैमराइज करना या सनसनीखेज बनाना बतौर  होस्ट मै भी हमेशा इस तरह के शब्द काम में लेता था कि "हमें यह सीख लेनी चाहिए यह हमें यह सबक लेना चाहिए"क्योंकि मै कोई उपदेश नही देना चाहता था। मै एक आम इंसान की तरह जुड़ा रहकर उस काम को करना चाहता था और मैने वही किया । क्राइम पेट्रोल की कई सीखो को मैने अपने जीवन में भी उतारा ।

टेलीविजन और सिनेमा में बदलाव की बात जब अनूप से पूछी गई तो उन्होंने कहा कि मैने उस बदलते हुए दौड़ को देखा है । 90 के दशक में टेलीविजन रियलिस्टिक हुआ करता था और सिनेमा में फैंटेसी नजर आती थी समय बदला, दौर बदला टेलीविजन अनरियल  हो गया और फिल्में रियलिस्टिक सिनेमा की तरफ जाने लगी ।

लोगों ने अब टेलीविजन देखना कम कर दिया है , अब तो उन्हें वेब सीरीज पसंद आती है जहां पर ऐसा कंटेंट  है , जिस पर अभी तक काम नही हुआ है यह अपने आप में एक अलग दौर है।




साथ ही शॉर्ट फिल्म का भी क्रेज है आज जो डायरेक्टर प्रोड्यूसर बड़ी फिल्में नहीं बना पाते है बतौर डायरेक्टर बतौर एक्टर छोटे छोटे काम करके छोटे प्रोजेक्ट करके वह अपने हुनर को एक अंजाम दे देते है और उसके बाद बड़े प्रोजेक्ट पर काम करना उनके लिए आसान हो जाता है । लोग भी शार्ट फिल्म देखते है और पसंद की जाती है।

अपने अधूरे ख्वाबों के बारे में बात करते हुए अनूप ने कहा कि मेरे सारे दोस्त फिल्म मेकर्स मुझे कहते है कि तुम अभी तक डिस्कवर नही हो पाए हो तो मै उनसे यही कहता हू कि तो कर दीजिए डिस्कवर कहां कमी है ।अपने लिए ऐसा कोई ड्रीम्स रोल या ड्रीम्स प्रोजेक्ट सोचा नहीं है बस एक्टिंग करता हूं और वही करते रहना चाहता हूं क्योंकि उसी में मुझे सुकून मिलता है । अच्छे  प्रोजेक्ट मुझे मिले जिनसे मेरी प्रतिभा में और निखार आए।अच्छे डायरेक्टर और अच्छे प्रोड्यूसर के साथ काम करना चाहता हूं। नजरें मंजिल पर नहीं है सिर्फ एक्टिंग का रास्ता अपना रखा है जिस पर चलकर बेहतर और बेहतर बनना चाहता हूं और अपने काम से अपनी पहचान बनाना चाहता हूँ। फिल्म देखना म्यूजिक सुनना अनूप को बहुत पसंद है लेकिन लेखक की तरह लिख नही सकता छोटे-छोटे प्वाइंटर जरूर लिख लेता हूं लेकिन एक लेखक की तरह बड़ा लिखना विस्तार से लिखना उनसे नही हो पाता ।

हम राजस्थानी कार्यक्रम में बात करते हुए उन्होंने कहा की जिंदगी मे बहुत संभावनाएं है क्रियाशीलता जीवन में हमेशा जरूरी है और सपने देखना उससे भी ज्यादा जरूरी और फिर जरुरी है उनके लिए मेहनत करना । जूम के माध्यम से हुए इस सेशन में राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने अनूप का स्वागत किया साथ ही दुबई से डॉ. रोमित पुरोहित , अमेरिका से डॉ. जयवीर सिंह राठौड़ , दुबई से पंकज जैन ,जर्मनी से हरगोविंद सिंह राणा भी उपस्थित रहे।





# राजस्थानी की एक खास बात होती है कि उनका चेहरा ही बोल जाता है कि वह राजस्थानी है - डॉ. विश्वास मेहता ( चीफ़ सेक्रेटरी , केरल )

डॉ विश्वास मेहता का जन्म डूंगरपुर में बहुत ही साधारण परिवार में हुआ। उनका जन्म घर में ही हुआ। उस दौर में डिलीवरी घर में ही की जाती थी। जब 5 साल की उम्र हुई तब उनके पिता पंजाब यूनिवर्सिटी में व्याख्याता के पद पर नियुक्त किए गए और वह सपरिवार वहीं पर रहने लगे । प्रारंभिक शिक्षा से लेकर स्कूली शिक्षा कॉलेज यूनिवर्सिटी की शिक्षा चंडीगढ़ में ही प्राप्त की। सिविल सेवा की परीक्षा भी वहीं से पास की । आज वो राजस्थान से 3000 किलोमीटर दूर केरल में चीफ सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत है इसका श्रेय वह अपने परिवार की तीन पीढ़ियों को देते है उनका कहना है कि हमारी परंपरा हमारी संस्कृति हमारा व्यक्तित्व हम खुद नहीं बनाते वह पुरानी पीढ़ियों का त्याग है उनकी सीख का प्रभाव होता है जो हमारे व्यक्तित्व पर पड़ता है।

अपने पिता को याद करते हुए वह कहते है कि वह स्ट्रीट लाइट में बैठकर पढ़ते थे क्यूँकि उनके पिता का देहांत बहुत जल्द हो गया था जब दादी की उम्र महज 28 वर्ष की थी तभी वह विधवा हो गई थी। उस वक्त की पारिवारिक परिस्थितियां बहुत विकट थी फिर भी किसी तरह मेहनत करके उनके पिता ने पढ़ाई की फिर जीवन में बहुत संघर्ष कर पीएचडी की व सफलता पाई ।


अच्छी शिक्षा पाकर आज जिस मुकाम तक वह पहुँचे है उनका कहना है कि यह सब उनके माता पिता की देन है। राजस्थान से पहली बार जब वह केरल गए थे तब उनकी उम्र महज 25 साल की थी । केरल की हरियाली देखकर बहुत अचंभित हो गए थे । इतनी हरियाली इतना पानी उन्होंने कभी नहीं देखा था । इस छोटे से प्रांत में 47 नदियां है जहां 7 महीने बरसात होती है । वहां की भाषा , वहां का त्यौहार , वातावरण सब कुछ भिन्न था उन्हें एहसास होता था कि देश में होते हुए भी विदेश में है । भाषा का फ़र्क सबसे बड़ा फ़र्क है। ऐसा लगता था जैसे इतना पढ़ लिख जाने के बाद भी,आईएएस बन जाने के बाद भी सही तरीके से कम्युनिकेशन नहीं कर पा रहे है ।

तब उन्होंने निर्णय लिया कि जन्मभूमि भले ही राजस्थान रही है लेकिन अब यह कर्मभूमि है और यहां रहना है , यहां काम करना है और लोगों की सेवा भी करनी है क्योंकि सिविल सेवा का पहला नियम यही होता है कि लोक सेवा की जाए । यहां की भाषा भी सीखनी पड़ेगी और यहां के कल्चर को भी आत्मसात करना होगा । जिंदगी से यह शिकायत नहीं करनी है कि यहां मै क्यों आया । अब मलयालम पढ़ भी लेते है लिख भी लेते है और भाषण देते है ।

सिविल सेवा में आने के बाद सब ऐसा सोचने लग जाते है कि हमारे पास ज्ञान बहुत है पर सच में ऐसा नहीं होता है । एक डॉक्टर अगर सारी उम्र पढ़ता है तभी वह डॉक्टर रह पाता है क्योंकि देश काल परिस्थिति वातावरण के अनुसार उसे रिसर्च स्टडी करते रहना जरूरी है तभी वह समय के साथ बीमारियों की जांच पड़ताल कर पाएंगे । इसी तरह करियर कोई भी हो लेकिन एक लर्निंग एक्सपीरियंस आपके साथ हमेशा चलना चाहिए। विश्वास मेहता एक विद्यार्थी के रूप में हमेशा पढ़ते रहे उन्होंने मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की । विद्यार्थी जीवन का यह सिलसिला 2018 तक चला । उनका कहना है कि डिग्रियां कभी भी नौकरी करने के उद्देश्य से उन्होंने हासिल नहीं की बल्कि अपने आपको अपने कार्य क्षेत्र के अनुभव को एक किताबी ज्ञान को उसके साथ आत्मसात करने के लिए उन्होंने पढ़ाई हमेशा जारी रखी। उसके बिना कैरियर की दृष्टि से तो आप आगे बढ़ पाएंगे लेकिन बुद्धिमता की दृष्टि से पीछे रह जाएंगे । उनके पिता एक शिक्षक थे और एक शिक्षक अपने बच्चों को विरासत में पढ़ना लिखना देकर जाता है ।

सिविल सर्विस से पहले डॉ विश्वास का चयन आईपीएस के लिए हो गया था लेकिन उनका कहना है कि व्यक्तिगत रूप से जो उनका स्वभाव नहीं था उस काम को नहीं करना चाहते थे उससे निकलने के लिए उन्होंने दोबारा परीक्षा दी । जीवन में उनका लक्ष्य कुएं का मेंढक बनना नहीं था वह हमेशा एक बड़ा ब्रह्मांड देखना चाहते थे और यही उन्होंने किया। आईएएस के रूप में उन्हें एक ऐसे कंपनी में भेजा गया जो बिल्कुल लॉस में जा रही थी। एक रबड़ कंपनी जिसका उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं था उसे लॉस से निकालकर प्रॉफिट में लाना था और उस वक्त उन्होंने यह निर्णय लिया कि वह एमबीए की पढ़ाई करेंगे जिसे जो किताबों में मैनेजमेंट का बिजनेस का ज्ञान है वह काम में लाया जा सके ।




जब देश-दुनिया में महामारी ने कोहराम मचाया था तब केरल में मात्र 11 कोरोना पॉजिटिव वायरस केस थे और दो मौतें थी जबकि भारत का पहला केस केरल में ही आया था । इस चीज को केरल कि सरकार इसीलिए जल्दी कंट्रोल कर पाई क्योंकि उन्हें नीपा वायरस का एक्सपीरियंस था। मैनेजमेंट की मीटिंग हर रोज होती थी और सीएम प्रेस कॉन्फ्रेंस को वीकली एड्रेस करते थे हर रोज काम होता था। ओणम के बाद केरल में भी केस बढ़े , लेकिन काबू भी जल्दी ही पा लिया गया।

पारिवारिक सहयोग की बात करते हुए उन्होंने अपनी पत्नी प्रीति मेहता के सहयोग की सराहना की । जब वह केरल आए थे तब दो अटैची ले कर आये थे और जमीन पर उन्हें सोना पड़ता था । लेकिन पत्नी के संयम और उनके सहयोग ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। समय को मैनेज करके चलना उनकी सफलता का राज है ऐसा कहना है उनके मित्र राकेश सहाय का। डॉ विश्वास मेहता ना सिर्फ एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी है बल्कि बहुत ही अच्छे गायक भी है । शुरुआती दिनों में उन्होंने पब्लिक परफॉर्मेंस दी थी और दूरदर्शन पर भी गाया लेकिन एक अधिकारी के तौर पर कुछ लोगों ने उनकी शिकायत की कि वह काम कम करते है और गाने में ज्यादा ध्यान रखते है इसके बाद उन्होंने पब्लिक परफॉर्मेंस पर विराम लगाया । निजी तौर पर उन्हें संगीत का बेहद शौक है और वह घर में अपने इस हुनर को अपने इस शौक को जीवंत रखते है। उदयपुर के रहने वाले डॉ प्रेम भंडारी उनके मित्र है जिन्होंने उन्हें गाने का प्रारंभिक अभ्यास भी करवाया था और उदयपुर में म्यूजिक क्लब का निर्माण भी उन्होंने किया था जो आज भी चलता है । एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी , एक गायक , एक प्रभावशाली व्यक्तित्व से बातचीत का यह सिलसिला था जो राजस्थान फाउंडेशन और सिंपली जयपुर की साझा पहल हम राजस्थानी का हिस्सा रहा। ऑनलाइन कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने डॉ विश्वास मेहता का स्वागत किया और अंत में डॉ विश्वास मेहता ने खूबसूरत गीत गाया । कार्यक्रम वॉइस ऑफ जयपुर के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है ।



# सिम्पली जयपुर , राजस्थान फाउंडेशन और डोरी के कार्यक्रम में मुलाकात हुई डॉ कुसुम नाथवत और डॉ दिशा गुप्ता से







डॉ कुसुम नाथावत का जन्म जयपुर में हुआ और 15 साल की उम्र तक जयपुर में ही रही। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर नौवीं तक की पढ़ाई जयपुर में ही की । उनका कहना है कि मारवाड़ी परिवेश परिवार में रहा और जॉइंट फैमिली में रहते थे यूके जाने पर सबसे बड़ा चैलेंज यही आया कि इस बदलाव को टीन एज में कैसे स्वीकार किया जाए क्योंकि नर्सरी से नौवीं तक की स्कूल वही थी दोस्त भी वही थे ,पड़ोस परिवार सब जाने पहचाने लोग थे तो कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर एक नए बदलाव को स्वीकार करना थोड़ा मुश्किल लगा । डॉ कुसुम का कहना है कि उनका मन था कि वो राजस्थान के किसी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर ले क्योंकि वह उस बदलाव को स्वीकार नहीं करना चाहती थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं और एक साल तक वह अपने आप को इस बदलाव के साथ बदलते हुए देखती रही । यूके में सेटल होने से पहले दो बार उनका परिवार वहां पर छुट्टियां मनाने के लिए गया था और यह देखने के लिए वहां पर रह पाएंगे या नहीं उसी समय उन्होंने तय किया था कि शायद वह यहां नहीं रह सकेगी लेकिन उन्हें जाना पड़ा क्योंकि उनके पेरेंट्स उन्हें अकेला छोड़कर नहीं जाना चाहते थे।

बचपन से सपना तो था कि डॉक्टर बनना है लेकिन यूके में जाने के बाद मेडिसिन करें या कुछ और करें यह तय करना मुश्किल हो रहा था। पहले अटेम्प्ट में मेडिकल में सिलेक्शन नहीं हुआ फिर उसके बाद भी बी एस सी ज्वाइन किया और बायोमेडिकल बीएससी पढ़ते हुए एहसास हुआ कि जब इतनी मेहनत इसमें कर सकते हो तो मेडिसिन भी किया जा सकता है यही सोच कर एक बार फिर से मेडिसिन की एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी की और उसमें सफलता हासिल की । कुसुम का कहना है मां मेरी प्रेरणा रही है क्योंकि राजपूत महिलाओं के लिए नौकरी करना बहुत मुश्किल हुआ करता था 80 के दशक में जब उनकी शादी हुई थी तब उन्होंने अपने सास-ससुर को समझा कर उनसे बात कर टीचिंग जॉब शुरू किया वह सदा ही मुझे प्रेरित करती रही पढ़ाई लिखाई को बहुत महत्व देती है और कभी हार नहीं मानने का गुण उनमें अंदर तक समाया हुआ है ।बहुत ही सकारात्मक विचारों के साथ पॉजिटिव एटीट्यूड के साथ उन्होंने अपनी जिंदगी को जिया और हमें भी वही प्रेरणा दे रही है।

आज जब हम अपने देश से अपने राज्य से इतनी दूर है तो राजस्थान फाउंडेशन और डोरी एक ऐसा प्लेटफार्म है जो डॉक्टर की सलाह को उनके अनुभव को हेल्थ केयर को और बेहतर बनाने में उनका सहयोग ले सकता है और ऐसे प्लेटफॉर्म से जुड़ कर हर डॉक्टर को खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है ।



डोरी और राजस्थान फाउंडेशन से जुड़ कर ऐसा ही अनुभव डॉ दिशा गुप्ता का है । वो भी इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य के लिए कुछ करना चाहती है । पेशे से डेंटिस्ट है और अभी दुबई में कार्यरत है। उनका बचपन भी राजस्थान में बीता है , पिता IRS ऑफिसर रहे तो कई जगहों पर पोस्टिंग होती रही और छोटे बड़े कई शहरों में घूमते हुए पढ़ाई की । केंद्रीय विद्यालय की यादें उनके मन में आज भी ताजा है क्योंकि वे मानती है कि शनिवार को जो कल्चरल एक्टिविटी होती थी वो उनका सबसे प्रिय पीरियड होता था और आज जो व्यक्तिगत खूबियां है ये सब वही की देन है । गाना , पेंटिंग बनाना सब की शुरुआत वही से हुई । मम्मी ने हमेशा चाहा कि मैं ये सब सीखूं तो राजस्थानी शैली की पेंटिंग , क्लासिकल म्यूजिक इन सभी को सीखा दिशा ने ।

प्रेरक व्यक्तित्व के बारे में पूछने पर अपने पिता को अपनी प्रेरणा बताया कि उन्होंने कोटा से 100 किलोमीटर दूर छोटे से गाँव से अपना सफर शुरू किया और पढ़ाई के लिए तीन साल की उम्र में दादा जी ने उनको अपने से दूर शहर भेज दिया पढ़ने के लिए । उन्होंने सिखाया की बेस मजबूत होना चाहिए विस्तार अपने आप मिलता जाता है । वो स्वयं अभी दुबई मे है लेकिन वो मानती है कि बाड़मेर जिले के गाँव से वो अपना वास्ता रखती है । दाँत की सेहत भारत में आज भी लोग नजर अंदाज करते है , वो ये नहीं जानते कि जितना शरीर की सेहत जरूरी है उतना ही दाँत का स्वस्थ होना जरूरी है । इस इसका प्रचार होना जरूरी है । मोबाइल क्लीनिक के माध्यम से इसे किया जा सकता है ।

डोरी - डॉक्टर ऑफ राजस्थान इंटरनेशनल के डॉक्टर के सेशन में डॉ अमरजीत मेहता, डॉ मोनिका , डॉ अमिताभ दूबे उपस्थित रहे साथ ही मेडिकल स्टूडेंट्स ने भी अपने सवाल पूछे । राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर श्री धीरज श्रीवास्तव ने डॉक्टर का स्वागत करते हुए डोरी व राजस्थान फाउंडेशन के इस गठबंधन को सार्थक बताया कि ये सभी को जोड़ने का कार्य कर रहा है और इससे भविष्य के लिए कई संभावनाएं नजर आ रही है ।



# माता पिता के लिए आनंद का परिवेश : द ब्लिस

Ravi Surya Group
Building A Beautiful World

The Bliss
A Paradise for parents




वृद्धावस्था हमारे जीवन का महत्वपूर्ण समय है । हमारे समाज में आज यह एक समस्या है कि वृद्ध दंपत्ति बच्चों के साथ के बिना अकेला महसूस करते है । इसका समाधान अब तक वृद्ध आश्रम के रूप में ही आया है जो भारतीय समाज के लिए एक कलंकित और अशोभनीय शब्द है जिसकी कल्पना भी डरावनी लगती है।

प्रवीण मेहता जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और दुबई में कार्यरत है उन्होंने तीन-चार सालों तक इस समस्या पर रिसर्च किया और और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कैसे इस समस्या का समाधान किया जाए। इस समस्या का समाधान द ब्लिस के जरिए उन्होंने निकालने की कोशिश की है। प्रवीण मेहता का कहना है कि आज माता-पिता अपने बच्चों की आर्थिक समृद्धि और भविष्य की चाहत में उन्हें दूसरे शहर या विदेश तक भेज देते है, पर खुद उसी शहर में रहते है जहाँ उनका काम या घर होता है। इसे सामान्य भाषण में हम पलायन भी कह सकते है जो गांव से शहर , शहर से बड़े शहर और वहां से विदेश की तरफ किया जाता है।

पचास साठ साल तक तो जिंदगी ठीक-ठाक चलती रहती है लेकिन उसके बाद उन्हें किसी सहायता की सहारे की जरूरत पड़ती है तब उम्मीद बच्चों से की जाती है कि वह उनकी देखभाल करें और बच्चों के सामने तब यह समस्या होती है कि अपने काम या व्यापार को छोड़ कर आना मुश्किल हो जाता है।माता-पिता यह भूल जाते है कि अगर आम का पेड़ कहीं दूर खेत में लगाया है तो वह छाया भी खेत में ही देगा उसे घर के आंगन में छाया की उम्मीद करना ठीक नहीं है उसकी फल जरूर आप घर के आंगन में बैठ कर खा सकते हो लेकिन उसकी छाया का सुख तो आप खेत में जाकर ही ले सकते है। यह बात बहुत प्रैक्टिकल है लेकिन समझने में उतनी ही मुश्किल लगती है यही बात हम बच्चों पर भी लागू कर सकते हैं कि हमने खुद उन्हें पढ़ा लिखा कर दूसरे देश विदेश भेज दिया और अब हम उनसे उम्मीद करते है कि वह कहीं दूर बसे माता पिता की सेवा करें। ऐसा कैसे संभव है ?

इसके अलावा भारत में सामान्य घरों की बनावट वृद्धवस्था के अनुसार नहीं होती। विदेशों में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि गाड़ी से लेकर घर के अंदर बाथरूम तक जाने में भी व्हील चेयर आसानी से चल सके। एक उम्र आ जाने के बाद यह रास्ता आपकी जरूरत बन जाता है । उस स्थिति में अगर आपके पास आपके बच्चे भी होंगे तो भी वह कुछ नहीं कर पाएंगे। बच्चों के लिए हम नर्सरी, प्ले स्कूल, हाई स्कूल , कॉलेज और यूनिवर्सिटीज बनाते है, लेकिन हम अपने बुजुर्गों के लिए ऐसा कुछ नहीं बना पाते जो उन्हें सुविधा दे सके।

कई बार ऐसा भी होता है कि अच्छे घर और बच्चों के साथ भी दंपत्ति अकेले हो जाते है। कामकाजी युगल दिनचर्या में व्यस्त और बच्चे पढ़ाई में, अतः घर में समय देना मुश्किल हो जाता है । ऐसे में पीछे से उन्हें जो सुविधाएं चाहिए जो मेडिकल की दृष्टि से जरूरी है। संगी-साथी चाहिए बातचीत करने के लिए , एक उम्र के साथ अपनी ही हम उम्र दोस्त चाहिए जो जरूरी है । इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए प्रवीण मेहता ने एक ऐसा ग्रुप कम्युनिटी कांसेप्ट डिजाइन किया है जिसे उन्होंने "द ब्लिस"नाम दिया है। ब्लिस यानी परमानंद ,और ये आनंद जो माता पिता के लिए है। इसमें वृद्ध दम्पति के लिए घर उनके बच्चों या उनके द्वारा खरीदे जाएंगे। वृद्धाश्रम एक चैरिटेबल जगह होती है पर ये माता पिता का अपने घर होगा जिसे संताने या वह खुद खरीदेंगे । यहा आपको सारी सुख सुविधाएँ मिलती है जिसका निर्माण बड़ी उम्र को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। एक पूरी सुरक्षित कम्युनिटी बनाई जाएगी जिसमे करीब १२० परिवारों का ध्यान २५-३० प्रशिक्षित लोगों की टीम रखेगी जिसकी निगरानी उच्च शिक्षित और योग्य प्रोफेशनल करेंगे।

इस कम्युनिटी में क्लिनिक, रेस्टोरेंट, मंदिर ,क्लब, इनडोर और आउटडोर खेल सभी की व्यवस्था CCTV सुरक्षा के साथ होगी दिन की हर जरूरत को पूरा करता वातावरण पेरेंट्स के साथ होगा और 60 और 70 के बाद भी जीवन को एक उत्सव बनाने विशेष ध्यान रखा जाएगा।

द ब्लिस एक जीवन शैली है जो प्रवीण मेहता जी के दिल और दिमाग की उपज है और इसे ठोस आधार मिला जब उन्होंने इसका जिक्र रवि सूर्य ग्रुप से किया। रवि सूर्य ग्रुप के चेयरमैन और एमडी रविंद्र प्रताप सिंह ने जब इस विचार को सुना तो उन्होंने इस पर कार्य करने के लिए तुरंत अपनी सहमति दे दी। रवि सूर्या ग्रुप पच्चीस सालों से रियल स्टेट का काम करते है। समूह के 5000 हाउसिंग फ्लैट बन रहे है और फाइव स्टार होटल अनंता रिसोर्ट का कार्य भी अभी कार्य चल रहा है। रविंद्र प्रताप सिंह ने इस सहमति पर तुरंत हां भर दी । रविन्द्र जी ने दस वर्ष तक अपने पिता जी की बीमारी में कई जटिलताओं का सामना किया है, अतः वे माता पिता की सेवा में आने वाली चुनौतियों को भली भांति समझ सकते है।

इसी तरह की कई संघर्ष हमारे सामने आए और द ब्लिस का कॉन्सेप्ट जब मैंने सुना तो मुझे व्यक्तिगत रुप से बहुत अच्छा लगा क्योंकि इस तकलीफ को मैंने स्वयं ने भोगा है तो मुझे इस पर कार्य करने की प्रेरणा मेरी अंतरात्मा ने दी कि यह सुविधा हम समाज को दे सकते है तो हमारा मनुष्य होना सार्थक हो जाएगा। यह घर साधारण घरों से कुछ अलग तरह की बनावट के होंगे जिसमें विशेष तरह के सामान का उपयोग किया जायेगा जिससे वृद्ध लोग अपनी सुरक्षा को इतना महत्त्व नहीं देते क्यों कि उन्हें लगता है वे कभी बूढ़े होंगे ही नहीं । इसलिए वो अपनी सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं करते।

प्रवीण मेहता का विश्वास है कि आज के बच्चे अपने माता पिता का बहुत आदर करते है पर दूर रहते हुए अपने माता पिता की सेवा नहीं कर पाते। इसीलिए एक ऐसी कम्युनिटी की स्थापना की जा रही है जिसके माध्यम से सभी बच्चे अपने माता पिता का पूरा ध्यान रख पाएंगे बस इन्हीं सारी चीजों का मिलाजुला समावेश द ब्लिस में नजर आएगा जयपुर के जगतपुरा में द्रव्यवती नदी के किनारे यह प्रोजेक्ट आगामी दो-तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा।

अंत में प्रवीण मेहता ने राजस्थान सरकार की नीतियों और राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर श्री धीरज श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया जिनके सानिध्य में राज्य सरकार की तरफ से इस परियोजना को विशेष सुविधाएं मिलने की उम्मीद है । भारत में यह पहला प्रोजेक्ट है जहां अनिवासी या प्रवासी राजस्थानी सपूत अपने माता पिता के लिए करीब ६५ करोड़ की लागत से बनाने वाली कम्युनिटी भेंट करेंगे ।






# NUTRITION IN WINTERS



**Pramila Mundra**
Nutritionist, Bangalore
Pamznutrition
nutricircle

Nights get longer and colder ; days get shorter and the temperature dips during winters. Your immune system, circulatory system and digestive system all need a helping hand at this time of the year.

Few of the below foods help us to keep warm and in good health through the cold winter months



**Ginger:** It has anti viral actions which prevents attaching the virus to cell walls & thermogenic properties which helps keep the body warm. Ginger has volatile oils and carminative properties which helps ease digestion and soothes wall of our GI tract.



**Citrus fruits and berries :** Citrus fruits and berries are bursting with Vitamin C and antioxidants. The flavonoids in them combat free radicals and help you absorb iron from other foods. Hence they are wonderful to enhance the immunity during winters. They are juicy and low calorie too.



**Ghee and Olive oil:** Healthy fats help to keep the body warm and adds great satiety value and flavor to all your dishes. They help moisturize the skin and keep it supple and smooth. They are also needed for fat soluble vitamins (A,D,E,K) to be absorbed and assimilated well in the body.



**Oatmeal:** Oatmeal is rich in fibre, vitamins and minerals. This helps to keep us fuller and eat less portions. It can be combined with nuts and fruits to make a wholesome porridge or can be had with veggies as masala oats.



**Eggs:** Eggs are high in quality protein and they also supply healthy fats essential for the body and to keep us satiated. They can be cooked in many versatile ways to include in daily meals.



**Tea:** Herbal teas, green tea or infused spice tea are wonderful to sip in winters. They have nourishing antioxidants & excellent anti-inflammatory properties. They help enhance your immunity too.



**Coconut:** The healthy fats composition and mineral make upof coconuts make them very nutritious. Much of the fat content is in the form of MCT which are directly absorbed from small intestine and rapidly used for energy, making it popular in weight loss diets. They are rich in manganese, copper, iron, magnesium and selenium.



**Root Vegetables:** Sweet potatoes, parsnips and most root vegetables are all comforting in winters. Rich in fibre, it also helps fight inflammation and free radical damage. As they are high in carbohydrates, we need to consume in less quantities.



**Tomatoes:** They contain high levels of lycopene, an antioxidant that many health benefits. properties. They are also great sources of Vitamin C, potassium, folate and vitamin. Lycopene and other nutrients in tomatoes are better absorbed with fats, hence it s always good to have it with oil or ghee.



**Nuts and seeds:** They are good sources of omega-3- fatty acids, vitamin A,B,E, healthy fats, minerals and antioxidants. They provide warmth and nutrient density even in small amounts. If you have weight loss goals, do have them in moderation.



**Fish:** They are amazing for dry skin and to reduce inflammation. They are full of omega-3-fats and high quality protein which make them excellent winter foods.



**Avocado:** The blend of healthy fats, proteins and vitamins in it make it a powerhouse for your body. This nutrient composition helps keep us warm, satiated and away from cravings.

Keep your winters warm, comforting and disease free with good nutrition and right choice of foods. Regular physical activity also helps keep your body agile and the joints flexible and supple.

# जीवन युद्ध के विजय मार्ग की बाधा है निंदावृत्ति

मनुष्य का जीवन भी एक युद्ध है और अपनी हैसियत और दूसरों की क्षमता को ठीक से आंक लेने से इस युद्ध में आधी जीत तय हो जाती है। मतलब जीवन का संघर्ष किसी हथियार से नहीं, बल्कि स्वयं के गुणों, चरित्र की खूबियों से ही जीता जा सकता है। सामने वाली की ताकत और कमजोरी हमेशा दिखाई दे जाए ऐसा जरूरी नहीं होता। एक बहुत बारीक नजर रखना पड़ती है इनको समझने के लिए। निंदावृत्ति उस नजर को कमजोर करती है जो छुपी हुई अच्छाई या बुराई को परखती है। जीवन का युद्ध जीतना हो तो 'निंदा से दूरी' का हथियार साथ लेकर चलना होगा।

महाभारत युद्ध में कौरव, पांडव दोनों ने जीत के लिए अपने-अपने पक्ष के राजाओं, योद्धाओं को इकट्ठा किया था। दोनों के पास योद्धाओं की कमी नहीं थी, लेकिन पांडवों की तुलना में कौरवों की सेना में अच्छे -पराक्रमी योद्धा कम थे। पांडवों ने राजा विराट और द्रुपद के हाथों अपने पक्ष में लड़ने के लिए अन्य राजाओं को आमंत्रण पहुंचाया। पांडवों का आमंत्रण पाकर पुरुजित, कुंतीभोज, शल्य, सात्यकि आदि कई नरेश उनके पक्ष में लड़ने को तैयार हो गए।

इधर कौरव सेना की संख्या तो ज़्यादा थी ही, भीष्म, द्रोण, कर्ण जैसे महायोद्धा और शकुनि जैसे कूटनीतिज्ञ भी इनके खेमे में थे। हालांकि भीष्म और द्रोण दोनों ही पांडवों को मारने के पक्ष में नहीं थे। उनकी निष्ठा (जिसे मजबूरी भी कहा जा सकता है) भले ही कौरवों के प्रति थी, परंतु आशीर्वाद पांडवों के साथ था। दुर्योधन को अपने मित्र कर्ण पर बहुत भरोसा था, लेकिन वह भी शापित था और कुंती को अर्जुन को छोड़ बाकी चार पांडवों को न मारने का आश्वासन दे चुका था।



बड़े-बड़े महारथियों के अपने साथ होने के बावजूद भी युद्ध में पराजित कौरवों को ही मिली। आखिर क्यों.? कौरव पक्ष में योद्धाओं में आपस में मतभेद और निंदावृत्ति प्रबल थी। महान पराक्रमी कर्ण से उसी के पक्ष के ही लोग इतना मतभेद रखते थे कि कर्ण की आलोचना और अर्जुन की प्रशंसा करते हुए यहां तक कह दिया था कि तेरा पराक्रम तो उसी समय देख लिया था जबकि कई बार पांडवों का सामना करते हुए तुझे परास्त होना पड़ा था।



अपनी ही सेना के योद्धा साथियों द्वारा इस तरह की बातें और सुतपुत्र का लगा लेबल कर्ण को सदैव आहत और हतोत्साहित करता रहा था।

उधर पांडव खेमे में श्रीकृष्ण इस तरह की आपसी मतभेद की गतिविधियों और एक-दूसरे पर की जाने वाली टिप्पणियों पर बारीक नजर रखते हुए समय-समय पर उनके नफे-नुकसान बताते हुए पूरी सेना को इस वृत्ति से दूर रखे हुए थे। कृष्ण कौरवों की ताकत और कमजोरी पर एक साथ दृष्टि रखते हुए पांडवों को उचित निर्णय लेने के लिए सलाह व प्रोत्साहन देते रहते थे। उनका यही गुण पूरे युद्ध में स्वयं शस्त्र न उठाते हुए भी पांडवों की विजयी का हेतु बना था।

हमारे लिए समझने की बात यह है कि निंदा की वृत्ति सामने वाले को आहत करे, न करे, हमें अवश्य कमजोर कर देती है। आंखों पर जब निंदा की पट्टी चढ़ जाती है, न तो हम कुशलता के साथ अच्छे-बुरे को परख कर सकते हैं, न सामने वाले की कमजोरी या ताकत को भांपकर अपने आपको उसका सामना करने के लिए तैयार कर सकते हैं। निंदा किसी की न करें। यह धर्म के विजय मार्ग में तो बहुत बड़ी बाधा है ही, जीवन के युद्ध में भी पराजय का कारण बन सकती है..।

**हमारे हनुमान..।**

**पं. विजयशंकर मेहता**
जीवन प्रबंधन गुरु, उज्जैन

# First List of films of the 7th edition of the Rajasthan International Film Festival (RIFF) Released


riff™
Rajasthan International Film Festival
(Accredited by FFSI)


OFFICIAL SELECTION
riff
RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL 2021


The 7th edition of the Rajasthan International Film Festival (RIFF) accredited by the Federation of Film Societies of India (FFSI) (North Region) will be organized by the RIFF Film Club in a Hybrid Format from 20 to 24th March 2021 in Jaipur and Jodhpur, Rajasthan - India. This year the theme for the RIFF 2021 is "Music in Cinema". RIFF 2021 will also celebrate the Pre Foundation Day of Rajasthan.

The first list of the films of the Rajasthan International Film Festival 2021 was released which includes the Short Student Documentary film "CATAKAH - To Revive An Old World" directed by Somapriya Bose, Feature Regional film "Rickshawala" Directed by Ram Kamal Mukherjee, Student Short Film "Life In Lockdown" Directed by Eshan Harsh, International Documentary Film "Kiss the Ground" Directed by Josh Tickell / Rebecca Tickell, Gujarati film "Mane Lai Ja" Directed by Niranjan Sharma, Short film "The Knocker" Directed by Anant Mahadevan, Feature film "Shubh Raatri" Directed by Pankaz Singh Tanwar, Student Short film "Unnamed" Directed by Tathagat Yadav, International Feature Film "Manny" Directed by Dace Puce, Short Rajasthani Film "Cilantro's Picnic" Directed by Abhijeet Saha, International Documentary Film "Civil Soldiers " Directed by Ganesh Pandey, Itai Jamshi's International Student Short film "Aloof" , Short Film "Zarina" Directed by Clinton Immanuel Banze, International Animation films "Chomp" and "On This Side" Directed by Navjot Kaur, Short Rajasthani Film "Maans" Directed by Prakash Ghai, Short Marathi Film "Laal" and Marathi Documentary Film "Aambedkar Nagar Lockdown" Directed by Sumeet Patil , Malayalam film "Biriyaani" Directed by Sajin Baabu and Short Film "Enigma - The Fallen Angel" Directed by Abhay Thakur. Founders and Festival Directors of the Rajasthan International Film Festival (RIFF) Mr. Somendra Harsh & Anshu Harsh , said that "The 7th edition of the Rajasthan International Film Festival (RIFF) will be held from 20 to 24 March 2021 in a Hybrid Format i.e. Virtually and Physically in Jaipur and Jodhpur. The Opening Ceremony of the Rajasthan International Film Festival like the previous year will be held at the Open Theater of the Jawahar Kala Kendra in Jaipur on 20th March 2021. Thereafter Film screenings, Open Forums, Talk Shows and much more will be held for the next four days from 21 to 24 March 2021 in Jodhpur along with the Closing Ceremony, the grand RIFF Award Night 2021 which will be held in Jodhpur on 24 March 2021".



















# भारतीय अभिनेता यशपाल शर्मा को राजस्थान इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल ( रिफ ) 2021 में ओम पुरी मेमोरियल कॉमन मैन इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

रिफ फिल्म क्लब द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ( रिफ ) का सातवां संस्करण 20 से 24 मार्च 2021 को जयपुर और जोधपुर मे एक हाइब्रिड प्रारूप में सिनेमा में संगीत थीम पे आयोजित किया जाएगा और राजस्थान दिवस का जश्न भी मनाएगा।




राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ( रिफ ) के संस्थापक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया कि ओम पुरी रिफ के पहले संस्करण से हिस्सा थे। ओम पुरी जी ने राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के पहले संस्करण में अपने भाषण के दौरान यह भी कहा था कि वह रिफ के संरक्षक है और उनके जाने के बाद भी बने रहेंगे। ओम पुरी जी अभी भी रिफ के पैट्रन है और हमेशा रहेंगे। इसलिए उनकी याद को बनाए रखने के लिए राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने 2018 में अपने तीसरे संस्करण के समय ये घोषणा की थी कि श्री ओम पुरी की याद में विशेष "कॉमन मैन इन सिनेमा" अवार्ड हर साल ओम पुरी की पत्नी और बेटे नंदिता पुरी और ईशान पूरी ( ओम पुरी फाउंडेशन, मुंबई ) की उपस्थिति में दिया जाएगा। 2018 में, कॉमन मैन इन सिनेमा अवार्ड प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक अनंत महादेवन को दिया गया। 2019 में प्रसिद्ध अभिनेता सुशांत सिंह को दिया गया और 2020 में ये अवार्ड अनूप सोनी को दिया गया। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 2021 संस्करण में, ओम पुरी फाउंडेशन और रिफ ने ये घोषणा की है की कॉमन मैन इन सिनेमा अवार्ड प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, यशपाल शर्मा को 24 मार्च 2021 को जोधपुर मे दिया जाएगा।




यशपाल शर्मा एक भारतीय बॉलीवुड अभिनेता और थियेटर कलाकार है। उन्हें सुधीर मिश्रा की 2003 की हिंदी फिल्म "हज़ारों ख्वाहिशें ऐसी" में रणधीर सिंह के किरदार के लिए जाना जाता है । उसके अलावा "लगान"( 2001 ), "गंगाजल" ( 2003 ), "अब तक छप्पन" ( 2004 ), "अपहरण" ( 2005 ), "लक्ष्मण" ( 2007 ), "सिंह इज किंज" ( 2008 ), "आरक्षण" ( 2011 ) और "राउडी राठौर" ( 2012 )। उन्होंने ज़ी के "मेरा नाम करेगी रोशन" में कुँवर सिंह का किरदार निभाया। यशपाल एक स्टेज अभिनेता भी है और लाइव नाटकों में दिखाई देते है। उन्होंने पूर्व में ज़ी के ÷नीली छतरी वाले÷ में अभिनय किया था। यशपाल शर्मा की फिल्में जैसे "मोसो - द माउस", "करीम मोहम्मद", "फागुन हवायें" जैसी विभिन्न फिल्मों को राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) में प्रदर्शित किया गया है। वह रिफ के विभिन्न संस्करणों में उपस्थित रहे है और हमेशा फेस्टिवल का समर्थन करते है। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2020 में अपनी उपस्थिति के दौरान उन्होंने कहा था कि "इस तरह के फिल्म फेस्टिवल विशेष रूप से छात्रों को सिनेमा देखने और ऐसी फिल्में देखने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है , जो न तो सिनेमा हॉल में रिलीज होती है और न ही सोशल मीडिया पर उपलब्ध होती है।"


राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ( रिफ ) के इस सातवे संस्करण मे शार्ट , डाक्यूमेंट्री , एनीमेशन , फीचर , रीजनल , राजस्थानी फिल्म एवं म्यूजिक एल्बम , फ़ेस्टिवल की वेबसाइट **www.riffjaipur.org** पर जा कर सबमिट की जा सकती है और फ़िल्मफ्रीवे द्वारा भी की जा सकती है। फ़िल्म सबमिट करने की डेडलाइन 31 जनवरी 2021 है।





























# कविमन संग्रह "एक नया मुक्ताकाश" का हुआ विमोचन




"एक नया मुक्ताकाश" कविमन संग्रह है जिसमें देश के 10 कविमन अपनी कविताओं के साथ नजर आ रहे है। कुछ नए कुछ पुराने कुछ परिपक्व और कुछ परिपक्व होने की कोशिश में है। इन सभी के शब्द एक संग्रह के रूप में आया है जिसका सम्पादन अंशु हर्ष ने किया है और सिम्पली जयपुर पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। किताब का विमोचन जूम के माध्यम से फेसबुक , यूट्यूब और ट्विटर पर लाइव किया गया। कवर पेज पर चित्र पद्म श्री शाकिर अली जी द्वारा बनाया गया है। व फॉरवर्ड अभिनेता व लेखक आशीष शर्मा ने लिखा है। कार्यक्रम का संचालन संदीप कौशिक ने किया और समीक्षक के रूप में डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहे व सभी कवियों ने अपनी अपनी रचनाएं पेश की। मन का पंछी जब एक उड़ान भरता है तो मन में कई भाव जन्म लेते है और ये भाव कलम के जरिये कागज पर उतरने की कोशिश करते है। कई बार ये कोशिश सफल रहती है और कई बार असफल, इन्ही तमाम कोशिशों का साझा संकलन है एक नया मुक्ताकाश। मुक्ताकाश इसलिए की मन के आकाश में उड़ते शब्दों को कैद करने की कोशिश है ये, लेकिन ये कैद किसी पिंजरे जैसी नहीं , एक आसमान सा पिंजरा है और भाव पंछी ... मन को पंछी बनाया तभी तो इस मुक्ताकाश में देश भर के साथी है जो मन को पंछी बना ले आये यहां क्योंकि पंछियों के लिए सरहद कहाँ मायने रखती है। एक नया मुक्ताकाश की खूबसूरती उसमें लिखे हुए भाव है जो उन लोगों द्वारा लिखे गए है जो प्रोफेशनल लेखक नहीं है , सिर्फ अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति कर रहे है शब्दों के माध्यम से। आवरण पेंटिंग - पदम् श्री शाकिर अली जी का जन्म 1956 में हुआ , राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक शाकिर अली ने 15 वर्ष की उम्र में पेंटिंग करने की शुरुआत की थी। उनकी प्रेरणा उनके दादा सैयद हामिद जो खुद एक पेंटर थे और उनके पिता एस साबिर अली कलाओं का संग्रह करते थे। उन्होंने गुरु पद्मश्री राम गोपाल विजयवर्गीय व श्री वेद पाल शर्मा से



सीखना शुरू किया। देश विदेश में ख्याति अर्जित कर कई बड़े सम्मान से नवाज़े गए जिनमें 1993 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा नेशनल अवार्ड और 2013 में पद्म श्री सम्मान भारत के गौरव के रूप में अंकित है। इन दिनों शाकिर साहब मॉर्डन मिनिएचर पर काम कर रहे है व् आवरण पर नज़र आती पेंटिंग का थीम जोधपुर शैली की पेंटिंग है जिसमें राजा रानी अपने बाग़ में खुले आसमान के नीचे सैर करते नज़र आ रहे है। अभिनेता आशीष शर्मा ने फॉरवर्ड लिखा है , आशीष फिल्म और टेलीविजन के अभिनेता तो है ही साथ ही स्वयं लेखक भी है। जब उन्होंने देखा की विभिन्न प्रोफेशनल लोग कवितायें लिख रहे है तो उन्होंने सहर्ष फॉरवर्ड लिखने का प्रस्ताव स्वीकार किया कार्यक्रम के दौरान उन्होंने किताब में से कवितायें भी पढ़ी और अपनी स्वयं की रचना भी सुनाई।





## Kirana King Felicitates Retail Employees Celebrates Retail Employees' Day 2020



While the year 2020, on account of the pandemic, has been extremely challenging for everyone, the grocery retail staff who have been untiringly serving across all occasions & festivals, must not be forgotten for their grit & determination especially during these challenging times. The retail employees have emerged as Corona Warriors whilst fighting the worst pandemic as frontline workers putting their as well as their families' lives at risk to keep consumers' essential needs & requirements fulfilled. Mr. Anup Kumar, Founder & CEO of Kirana King, "The hard work and dedication of Retail Employees should set an example for everybody, for they never hesitated to work or to serve even in the most critical times of the pandemic. As the backbone of the organizedretail ecosystem, these retail workers kept working selflessly amidst the Corona Virus outbreak and beyond. In this daring battle of humanity, our retail employees were the one's lion-hearted. All the employees who always stood at the forefront need to be saluted and applauded for their selfless services." Mr. Anup further commented, "We are proud of our achievements and we as an organisation are poised for the coming opportunities in the newly evolved ecosystem during the pandemic.

## Hyderabad Film Club mourn the death of South Korean film director Kim Ki-duk



Kim Ki-duk was a South Korean film director, noted for his idiosyncratic art-house cinematic works. His films have received many distinctions in the festival circuit, rendering him one of the most important contemporary Asian film directors. His major festival awards include the Golden Lion at 69th Venice International Film Festival for Pietà, a Silver Lion for Best Director at 61st Venice International Film Festival for 3-Iron, a Silver bear for Best Director at 54th Berlin International Film Festival for Samaritan Girl, and the Un Certain Regard prize at 2011 Cannes Film Festival for Arirang. His most widely known feature is Spring, Summer, Fall, Winter... and Spring (2003), included in film critic Roger Ebert's Great Movies. Two of his films served as official submissions for the Academy Award for Best International Feature Film as South Korean entries. He gave scripts to several of his former assistant directors including Juhn Jai-hong (Beautiful and Poongsan) and Jang Hoon (Rough Cut). On 11 Dec. 2020, Kim Ki-duk died from complications caused by COVID-19, at the age of 59, nine days before his 60th birthday. It was revealed on the same day that in the previous days he was recovering after testing positive to the virus and was already in critical condition. Hyderabad Film Club screened most of Kim Ki-duk films.

# "सिंपली बातें अंशु हर्ष के साथ" सीरीज़ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हुई आरंभ




अंशु हर्ष मासिक पत्रिका सिम्पली जयपुर की संपादक है । सोशल मीडिया पर उनका कार्यक्रम सिंपली बातें अंशु हर्ष के साथ लोकप्रिय हो रहा है इसकी पहली कड़ी में बातचीत हुई उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी डॉ हरिओम के साथ । डॉ हरिओम लेखक है कभी है तथा गजल गायक भी है । अपनी जिंदगी के सफर के बारे में बात करते हुए उतार-चढ़ाव के बारे में बात करते हुए सिंपली बातों के जरिए रूबरू हुए डॉ हरिओम ने बताया कि कैसे उन्होंने गांव से पढ़ाई की कैसे वह शहर में आए और कैसे आईएएस अधिकारी बने और उनका मन जो रचनात्मकता के साथ जुड़ा रहा , वह उन्हें लेखन और गायकी की ओर ले आया । कार्यक्रम वॉइस ऑफ जयपुर की यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है । इसी कड़ी में मुलाकात हुई इनकम टैक्स कमिश्नर डॉक्टर श्रवण कुमार से । डॉक्टर श्रवण कुमार ने भी अपने जीवन के सफर के बारे में बातचीत करते हुए बताया कि रेवेन्यू डिपार्टमेंट में रहते हुए उन्हें चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया में सीईओ बनाया गया और उन्होंने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय बिताया जहां उन्होंने न सिर्फ बच्चों के लिए फिल्मों पर काम किया बल्कि देश-विदेश में फिल्म फेस्टिवल्स में घूम कर खुद भी ज्ञान अर्जित किया तथा सीएफएसआई को भी लाभ दिलाया । अपनी जिंदगी की बातें करते हुए उन्होंने बताया कि किस तरह से उनकी मां ने उनको हमेशा प्रेरित किया किस तरह से उनके जीवन में हमेशा ही नारी शक्ति का वर्चस्व रहा है । डॉ हरिओम तथा डॉ श्रवण कुमार दोनों ही सरकारी सेवाओं में होने के बावजूद अपनी रचनात्मकता से जुड़े हुए हैं जो ना सिर्फ अपने लिए कार्य करते हैं बल्कि अपने आसपास के लिए अपने समाज के लिए और देश के लिए भी रचनात्मक और क्रियात्मक कार्य करते हैं सिंपली बातें अंशु हर्ष के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे ही रचनात्मक व्यक्तित्व से आप सभी को रूबरू करवाना है। सिम्पली बातें की अगली कड़ी में बातचीत हुई कविता भटनागर से , कविता कस्टम कमिश्नर है और लिखने का शौक रखती है । इसी शौक के चलते कविताएं लिखती है और हाल ही में एक नॉवल सेकेंड चांस लिखा है । जिसका वर्चुअल लांच अभिनेता अनिल कपूर ने किया । कविता राजस्थान अजमेर से पढ़ कर आज एक सफल ऑफ़िसर है । अपने जीवन के सफर को उन्होंने सिम्पली बातों के जरिये साझा किया ।

## FICCI Ladies Organisation, Jaipur Chapter held a virtual session on Palmistry




FICCI Flo Jaipur Chapter, under the leadership of its Chairperson, Ms Wandana Parnami, held a virtual session on Palmistry. They unfolded the mystery hidden in our hands through an expert astrologer and palmist, Mr. Rajiv Sood. Chairperson Ms. Wandana Parnami said, "I strongly believe in the power of hard-work & karma, but exploring this unique Art of analysing hands will definitely add vividity and enthusiasm amongst members". Diving into the sea of possibilities and patterns of power Mr. Rajiv Sood shared a lot about palmistry that could discussed in a 45 minute information packed session. He talked about the lines, mounts, fingers and many symbols that are mainly there in our hand. Many symbols like the "Dhan trikon", "X", curves, etc were discussed.

## परिन्दो की सेवा मे जुटने का आह्वाहन




राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय, मालवीय नगर में पक्षियों की सेवा, ईलाज और संरक्षण के संदर्भ में मीटिंग आयोजित की गयी। कोविड 19 को देखते हुए इस वर्ष पक्षी चिकित्सालय द्वारा उपचार एवम् घायल पक्षी संकलन हेतु विषेष व्यवस्था की गई है। मीटिंग में पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन, कॉर्डिनेटर डॉ. ए.के. ऋषि मुख्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा सहित चिकित्सा सहायक और स्टाफ के लोग उपस्थित थे। कमल लोचन ने बताया कि पक्षी चिकित्सालय बिना किसी अवकाश के 365 दिन अपनी सेवाएं दे रहा है।

## HH Maharaja Gajsingh of Jodhpur appointed as the President of Honour, IHHA



Mr. Randhir Vikram Singh was unanimously elected as the President of Indian Heritage Hotels Association (IHHA). This was declared at the Election of the IHHA for Office Bearers and Executive Committee Members held on the online virtual platform. HH Maharaja Gajsingh of Jodhpur has been appointed as the President of Honour, IHHA. It is to be noted that earlier Mr Randhir Vikram Singh was the General Secretary of the IHHA for 26 years. The Association members present proposed and seconded the names for various posts. There was no contest and election was unanimous decision and vote. Some other new office bearers include – Vice Presidents :Mr. Steve Borgia, Mr. Vijai Lal and Mr. Jose Dominic; General Secretary : Mr. Gaj Singh Alsisar & Joint Secretaries Mr. Joerg Drechsel & Mr. Prithvi Singh. Mr. Randhir Vikram Singh is also the Co-Chairman of the Rajasthan State Council of the Federation of the Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI) and President Federation Hospitality and Tourism of Rajasthan (FHTR).




## कलावृत्त के संस्थापक कलागुरु डॉ. सुमहेन्द्र की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय समकालीन लघु चित्रण कार्यशाला के विजेताओं की घोषणा



राजस्थान सहित देश के सभी राज्यों की ललित कलाओं और पारंपरिक लघु चित्रण कला के विकास के लिए कार्यरत कला संस्था कलावृत्त ने राष्ट्रीय समकालीन लघु चित्रण कार्यशाला में रचित श्रेष्ठ कलाकृतियों के विजेताओं की घोषणा कर दी। विजेताओं में बूंदी (राजस्थान) की युक्ति शर्मा, गुजरात के कनु पटेल, बांसवाड़ा (राजस्थान) की सुमन जोशी, भोपाल की तबस्सुम खान और गुजरात के किशोर नारखडीवाला है। कलावृत के अध्यक्ष एवं कार्यशाला-संयोजक संदीप सुमहेन्द्र ने बताया कि इस 8 दिवसीय कार्यशाला में देश-विदेश के 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें से लघु चित्रण की तकनीक एवं विषय की प्रधानता के आधर पर 5 श्रेष्ठ कलाकृतियों को पुरस्कार हेतु चयन-मंडल द्वारा चयनित किया है। पुरस्कृत कलाकारों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित जायेगा। अन्य सभी कलाकारों को ई-सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। यह पांचो पुरस्कार राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध कलाकारों के नाम पर रखे गये है। कलावृत के अध्यक्ष और राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव ने सभी विजेता चित्रकारों को बधाई देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संदीप ने राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव श्री रजनीश हर्ष सहित श्री विनय शर्मा और श्री दिलीप दवे के साथ डॉ. शैल चोयल, श्री भवानी शंकर शर्मा, श्री आर बी गौतम, श्री अखिलेश निगम और श्री प्रेम सिंह के उल्लेखनीय सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## Two Young Girls of Jaipur have given Recognition to Opera on National level



Two young girls of Jaipur Hritisha Rewadia – The Opera Queen of India and Shaiphali Saxena – Female Sound Engineer & Entrepreneur, 21 and 26 years old respectively have given recognition to Opera on nationwide India level. They have gone through various challenges to bring out this culture in India as a mainstream singing culture and now are becoming successful in it. They were recently welcomed by MESC Skill India in their "Creative Warriors" platform for teaching Opera Culture and Music Business in a workshop which was witnessed by more than 50,000 students from all over the world. They shared this platform with many respected artists, athletes, celebrities like Milkha Singh. Hritisha Rewadia who is the "Opera Queen of India" along with her sister & mentor Shaiphali Saxena who is the founder of Angels Music Academy are becoming successful in bring opera as a mainstream singing culture in India. Let's help these young girls by encouraging opera and make India proud internationally.




## "THE PURPOSE OF EDUCATION IS THAT ALONG WITH KNOWLEDGE ONE MUST ALSO BE SKILLED" - Kalraj Mishra , Governor



The purpose of education is that along with knowledge one must also be skilled. Hence in the National Educational Policy (NEP), employment-oriented education has been linked to the skill development. This will help students gain much needed skills at the beginning of their education and the benefits of their experience and knowledge can be passed on to others. This was stated by the Governor of Rajasthan, Shri Kalraj Mishra, who was the Chief Guest.He was addressing the Online Webinar on Industry-Academia Interface held on the virtual platform today. The programme was organized by Manipal University Jaipur (MUJ) in association with Bhardwaj Foundation Jaipur and Rajasthan Chamber of Commerce and Industry. It was attended by heads of various universities and industry stalwarts. The program was coordinated by Founder President, Bharadwaj Foundation, Mr. PM Bharadwaj. Honorary Secretary General, Rajasthan Chamber of Commerce, and Industry, Dr. K.L. Jain said that only when there will be an interface between academia and industry, will the universities be able to fulfill the needs of the industry. Vocational education is very important to stop rural to urban migration. The NEP focuses on the intellectual development of the child along with providing the complete philosophy of Indian culture.

## Read how these 4 Young Sustainability-Driven Entrepreneurs Are Helping Indians to become Conscious Consumers




National Consumer Day is celebrated every year on December 24, and with conscious consumerism at the forefront, it is crucial to address the importance and significance of eco-friendly & sustainability driven businesses. Rajasthan Studio, an art-focused platform organized an exclusive webinar with the young social entrepreneurs who are doing instrumental work towards building businesses based on the values of helping the local communities and making money with consciousness towards the environment, people, and everything in between. A social entrepreneur himself, Kartik Gaggar, founder & CEO Rajasthan Studio, moderated the webinar. The panelists included Amit Jain, founder Paaduks, a business focused on making shoes out of truck tyres, Ms. Nikitha Satish, Founder of Kaiyare, a sustainable brand working with a group of women in Karnataka, to make lifestyle products using various natural materials, and Daisy Tanwani, founder Pinklay, a lifestyle brand that is bringing Indian handcrafts to the forefront to create sustainable lifestyle products. Kartik Gaggar raised some important questions around conscious consumerism and asked about the motivation to become more sustainable, eco-friendly and community building in their operations.

## 11-year old Surti boy Shaurrya Singhvi launched his first book, "Keep the Ball Rolling"




Surti boy Shaurrya Singhvi's first book, "Keep the Ball Rolling" is a must-read for those aspiring to be leaders. Inspired by the motivational stories he heard from his parents – both motivational speakers and leaders, the books that he read during the COVID-19 lockdown, Keep the Ball Rolling was launched on 29 December 2020. "When you live in a thought-provoking environment, there are many things to learn. That combined with the lockdown was a great opportunity for me to step up towards meeting my goals. The end result is this book," says 11-year-old Shaurrya. For Shaurrya, who already has a YouTube Channel, "Shaurrya Singhvi," writing a book was simply the next step and one that he plans to revisit time and again.

## आईसीऐ गैलेरी मे पुणे के पेंटर विवेक निम्बोलकर की एकल चित्र प्रदर्शनी अनुभूति का शुभारंभ



गुलाबी शहर की आई सी ऐ गैलेरी में "अनुभूति" शीर्षक से एब्स्ट्रैक्ट आर्ट की एक विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें पुणे के कलाकार विवेक निंबोलकर के बनाए 75 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। यह सभी काम अमूर्त शैली में उनकी अभिव्यक्ति को दर्शाने वाले है जहां विवेक ने अपने अंतर्मन को रंग, रेखाओं और रूपाकारों के मार्फत हरयात्मक भाषा में प्रस्तुत किया गया है। कलाकार स्वयं अमूर्त भाव के अभिन्न संगी है। इस प्रदर्शनी के क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि यह नुमाइश 4 जनवरी से 4 फरवरी के दरमियान जारी रहेगी, जिसे कोविड-19 के नियमों को देखते हुए संयोजित किया गया है। प्रदर्शनी के अनौपचारिक उद्घाटन में शहर के विभिन्न नामचीन चित्रकारों व कलाकारों ने शिरकत की जिसमें कलाकार यूनुस खीमानी, शिल्पकार हंसराज कुमावत, कवि चित्रकार अमित कल्ला, रवि ठाकुर, मेघना बैरवा और पुणे के आर्टिस्ट मनोज देरेकर के अलावा अभिनव बंसल, सोमेंद्र हर्ष व अन्य मीडियाकर्मी व कला प्रेमी उपस्थित रहे।




## Rajasthan Tourism adds Online Services for Film Shooting Permits & Digital Application Services for Travel Agencies and Safari Operators

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

